



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

दिसम्बर–2021

अन्दर के पृष्ठों पर........


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


### उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस पर कार्यक्रम



- दिनांक 23.11.2021 : अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में, उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा फहराकर झण्डे को सलामी दी गयी एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का सन्देश सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया। इससे पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश पुलिस का झण्डा लगाया गया।

ज्ञातव्य हो कि 23 नवम्बर 1952 को पुलिस लाइन्स, लखनऊ के परेड ग्राउण्ड में वार्षिक पुलिस परेड के अवसर पर भारत राष्ट्र के प्रथम प्रधान मंत्री द्वारा सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को ''पुलिस ध्वज'' प्रदान किया गया था। इसी दिन उ0प्र0 पीएसी को ''पीएसी ध्वज'' भी प्रदान किया गया था।



- उ0प्र0 पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान हेतु पुलिस कलर अर्थात् पुलिस ध्वज सर्वप्रथम प्रदान किया गया है। ध्वज का आकार 4 फिट लम्बा एवं 3 फिट चौड़ा है। यह दो रंगों का है, जिसमें ऊपर लाल रंग एवं नीचे की ओर नीला रंग है, मध्य में उ0प्र0 का प्रतीक चिन्ह है।

उक्त कार्यक्रम कोविड–19 संक्रमण से बचाव सम्बन्धी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सम्पन्न हुआ।

### उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर "संविधान दिवस" कार्यक्रम



- दिनांक 26.11.2021: अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–12(15) 2019 दिनांक 24.11.2021 द्वारा दिनांक 26.11.2021 को "संविधान दिवस" के रूप में मनाये जाने तथा भारत के संविधान के प्रस्तावना का पाठन व मौलिक कर्तव्यों से सम्बन्धित शपथ लेने के निर्देशों के अनुपालन में उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ पर "संविधान दिवस" मनाया गया व अपेक्षानुसार शपथ ग्रहण की गयी। इस दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा मास्क धारण कर सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशों का पालन करते हुए, शपथ ग्रहण की गयी।

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 25.11.2021 | कानपुर नगर |
| 24.11.2021 | |
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 25.11.2021 | गौतमबुद्धनगर |
| 21.11.2021 | लखनऊ |
| 19.11.2021 | महोबा, झाँसी |
| 16.11.2021 | सुल्तानपुर |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 19.11.2021 | महोबा, झाँसी |
| 16.11.2021 | सुल्तानपुर |
| 04.11.2021 | वाराणसी |
| 02.11.2021 | मऊ, आजमगढ़ |
| 01.11.2021 | आजमगढ़ |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 25.11.2021 | गौतमबुद्धनगर |
| 23.11.2021 | |
| 21.11.2021 | गोरखपुर |
| 19.11.2021 | महोबा, झाँसी |
| 17.11.2021 | महोबा |
| 16.11.2021 | सुल्तानपुर |
| 15.11.2021 | वाराणसी |
| 14.11.2021 | |
| 13.11.2021 | बस्ती, वाराणसी |
| 12.11.2021 | वाराणसी |
| 11.11.2021 | मेरठ |
| 10.11.2021 | मथुरा |
| 08.11.2021 | शामली |
| 06.11.2021 | इटावा |
| 05.11.2021 | आजमगढ़ |
| मा0 मुख्य मंत्री, छत्तीसगढ़ | |
| 27.11.2021 | महोबा |
| 16–17.11.2021 | बाँदा |

- दिनांक 01.11.2021 से 06.11.2021 तक चित्रकूट में सम्पन्न दीपावली अमावस्या मेला में उत्कृष्ट संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

- हमीरपुरः दिनांक 24.11.2021 को समय 1612 बजे आरओआईपी द्वारा अपाचे मोटर साइकिल संख्याः यूपी90बी7442 के जीआईसी मैदान से चोरी की सूचना प्राप्त होते ही ड्यूटी पर तैनात प्र0परि04336 समरजीत द्वारा सर्वसम्बन्धित को अवगत कराते हुए चेकिंग कराने के फलस्वरुप समय 1645 बजे उक्त मोटर साइकिल बरामद कर ली गयी।

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–निर्देश/2010 दिनांक 01.11.2021 द्वारा ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उ0प्र0 पुलिस के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा दिनांक 05.11.2021 से अग्रिम आदेश तक दिन एवं रात्रि के समय शीतकालीन वर्दी धारण करने के निर्देश पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के अनुमोदन से निर्गत करते हुए, निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने की अपेक्षा की गयी है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः एफसी–मेमो/2021 दिनांक 30.11.2021 द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, भवन/कल्याण, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः 12ए–PMSS–2021 दिनांक 23.11.2021 के द्वारा छात्रवृत्ति की धनराशि में वृद्धि तथा राष्ट्रीय सुरक्षा निधि के तत्वाधान के तहत प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना में राज्य पुलिस कार्मिकों के बच्चों को शामिल किये जाने के सम्बन्ध में जारी दिशा–निर्देशों से सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया है।

## अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 का भ्रमण कार्यक्रम

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः सीए/एडीजी–11/2021 दिनांक 29.11.2021 द्वारा श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 का दिनांक 30.11.2021 को गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की रेडियो संचार प्रणाली के निरीक्षण/भ्रमण कार्यक्रम से सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में नवम्बर–2021 में 212 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से नवम्बर–2021 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 14 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गोवर्द्धन सिंह, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जगन्नाथ प्रसाद तिवारी, वाराणसी, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजबहादुर, फतेहगढ़, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश चन्द्र तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शेष नारायण ओझा,, प्रयागराज, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजेन्द्र सिंह, आगरा, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री निर्मल चन्द्र अवस्थी, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रेम पाल सिंह, अलीगढ़, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जय प्रकाश मिश्र, मिर्जापुर, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री तारकेश्वर पाण्डेय, गोरखपुर, 11. प्रधान परिचालक/4627 श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी, रेडियो मुख्यालय, 12. मुख्य आरक्षी/चालक, श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 13. सहायक परिचालक/4548 श्री राम कुमार मौर्य, लखनऊ, एवं 14. सन्देशवाहक, श्री चन्द्र विजय सिंह, रेडियो मुख्यालय।





## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय: पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/ कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 22.11.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रद्धांजलि

- माह नवम्बर–2021 में जनपद सन्तरविदास नगर में नियुक्त प्रधान परिचालक/4011 श्री राम चन्द्र का दिनांक 10.11.2021 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री राम चन्द्र के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## उत्तर प्रदेश पुलिस "झण्डा दिवस" पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का सन्देश



मुकुल गोयल
आई.पी.एस.

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**
पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

### सन्देश

प्रिय साथियों,

शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। किसी संगठन का ध्वज उसकी शान व पहचान होता है। ध्वज का महत्व आदि काल से वेदों व पुराणों में देखने को मिलता है। इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से धर्म की अधर्म पर विजय अविस्मरणीय रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जी द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है।

इसके उपरांत मुम्बई पुलिस (पुलिस कमिश्नरेट) को 1954, महाराष्ट्र पुलिस को 1961, जम्मू एण्ड कश्मीर पुलिस को 2003, तमिलनाडु पुलिस को 2009, हिमांचल प्रदेश पुलिस एवं गुजरात पुलिस को 2019 में यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

यह ध्वज हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। पुलिस ध्वज को फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें स्वाभिमान एवं गर्व की अनुभूति होती है, हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है। यह ध्वज हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करता है। इतिहास हमारे निष्ठावान साथियों की अनवरत ड्यूटी, कर्तव्यपरायणता, जन–सेवा, पराक्रम तथा कर्तव्यपथ पर प्राणोत्सर्ग करने वाले आत्म बलिदानी वीर साथियों की अनगिनत गाथाओं का साक्षी है।

आबादी के अनुसार देश में प्रथम स्थान पर रहने के बावजूद उपलब्ध जनशक्ति एवं संसाधनों से उ0प्र0 पुलिस द्वारा शासन की अपेक्षानुसार **अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति** एवं कठोरतम कार्यवाही करने के फलस्वरूप, सभी महत्वपूर्ण अपराधों में भारी कमी आयी है। यह सब आप सभी की कार्यकुशलता का ही परिणाम है। दुर्दान्त अपराधियों एवं माफियाओं के साम्राज्य को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा करने, उनके प्रति अपराध रोकने, उन्हें त्वरित न्याय दिलाने, उनके सम्मान व स्वालम्बन हेतु ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे है, जिससे आमजन ने चैन की सांस ली है और आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसी कम में उत्तर प्रदेश पुलिस के ए0टी0एस0 युनिट द्वारा मूक बधिर छात्रों एवं कमजोर आय के वर्गों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण करने वाले सिण्डीकेट को ध्वस्त कर उन्हें जेल भेजा गया।

विगत दिनों प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विवेचनाओं के निस्तारण में वैज्ञानिक विधियों के समावेश हेतु यू0पी0 स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंसेज का शिलान्यास किया गया। यह संस्थान नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध होगी।

लखनऊ व गौतमबुद्धनगर के अलावा 16 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थाने की स्थापना की गयी है तथा **साइबर जागरूकता कैम्पेन व प्रशिक्षण कार्यक्रम** को विभिन्न चरणों में चलाया जा रहा है। साइबर अपराध करने वालों के विरूद्ध एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी/भ्रामक खबरें फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की गयी है। जनशिकायतों का समाधान एवं निरन्तर संवाद द्वारा उ0प्र0 पुलिस की सोशल मीडिया ने जनता का विश्वास अर्जित किया है।

कोरोना सर्वव्यापी महामारी के समय उ0प्र0 पुलिस द्वारा **"कोरोना वॉरियर्स"** के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया गया है।

उत्तर प्रदेश को **"अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन–2021"** को सम्पन्न कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसमें मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 गृहमंत्री जी, भारत सरकार के साथ–साथ पूरे देश के पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक एवं देश के पुलिस संस्थानों के महानिदेशक/प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सम्मेलन को सम्पन्न कराना हमारे लिये बहुत बड़ी चुनौती थी, जिसका सफल आयोजन आप सभी के परिश्रम का परिणाम रहा है। सम्मेलन में लिये गये निर्णय को क्रियान्वित करने के लिये हम कटिबद्ध हैं। सम्मेलन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सभी पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को बधाई देता हूॅ।

इसी उत्साह के साथ हमें आगे आने वाले **विधान सभा चुनाव–2022** को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के साथ ही अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा तथा उनके कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये अभी से ही तैयार रहना है।

अन्त में पुनः पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए मैं अपेक्षा करता हूँ आप पुलिस विभाग के गौरवशाली अतीत की गरिमा बनाये रखेंगे और संवेदनशील व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, जिससे जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े और प्रदेश पुलिस के जनोन्मुखी एवं उज्ज्वल छवि में नित नया निखार आता रहे।

जय हिन्द!

(मुकुल गोयल)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

न्यूज़ लैटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–4)

### स्वतंत्रता से पूर्व उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार

- सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान वायरलेस ग्रिड पर लगभग 1300 सन्देशों का प्रसारण हुआ तथा आन्दोलन का एक वर्ष पूर्ण होने पर अगस्त 1943 में लगभग 1250 सन्देश प्रसारित हुए। दिसम्बर 1944 में लगभग 1000 सन्देश प्रसारण के बाद सन्देश प्रसारण में उत्तरोत्तर वृद्धि दर्ज हुई। जो इस बात का सूचक है कि पुलिस में वायरलैस उपकरणों का प्रयोग व्यापक पैमाने पर किया जाने लगा था।
- मई 1944 में नैनीताल में एक स्टैटिक स्टेशन तथा मुगलसराय में एक अस्थायी स्टेशन लगाया गया।
- वायरलेस टेलीग्राफी को आर्मी की तर्ज़ पर आर्मी की तकनीकी मदद से विकसित किये जाने की धारणा थी जो Sir Hugh Inglis, IP, IG of Police, United Provinces द्वारा D.S. Barron Esq., I.C.S., Home Secretary to Govt., United Provinces को प्रेषित पत्र दिनांक 24.06. 1944 में किये गये निम्न उल्लेख से स्पष्ट है–

"The general idea seems to be that S.A.C. W/T is to be developed on army lines with Army technical assistance."

- अक्टूबर 1944 में Special Armed Constabulary, Military व U.P. Police स्टेशन को सम्मिलित करते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में Signal exercise की गयी जो काफी सफल रही। तत्समय प्रदेश के पुलिस वायरलेस सेट्स की रिपेयरिंग हेतु कार्मिकों को जबलपुर में प्रशिक्षित कराया गया था। 25 कार्मिक सियालकोट से भी प्रशिक्षित कराये गये थे।
- सन् 1944 हेतु श्री ई0डब्ल्यू0 हण्ट द्वारा तैयार की गयी ''वायरलेस रिपोर्ट'' में सीतापुर मुख्यालय से गोरखपुर, इलाहाबाद, लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद एवं बनारस से सीधे संचार व्यवस्था का ले–आउट प्रस्तुत किया गया था।
- वर्ष 1945 के लिये संचार व्यवस्था की निम्न योजना प्रस्तुत की गयी थी–

| संचार मुख्यालय | मुख्यालय से जुड़ने वाले केन्द्र |
|---|---|
| सीतापुर | मुरादाबाद, लखनऊ, इलाहाबाद, बनारस, गोरखपुर |
| लखनऊ | फैजाबाद, कानपुर, झाँसी, फतेहगढ़ |
| मुरादाबाद | मेरठ, बरेली, अलीगढ़, आगरा |

सीतापुर स्थित वायरलैस मुख्यालय से मुरादाबाद एवं लखनऊ के मध्य संचार की व्यवस्था भी प्रस्तावित की गयी थी।

- जनवरी 1940 से अगस्त 1947 तक श्री ई0डब्ल्यू0 हण्ट पुलिस रेडियो सेक्शन के प्रथम प्रभारी अधिकारी रहे। W. Christie, Chief Secretary, Government of the United Provinces के आदेश दिनांक जून 01, 1944 द्वारा Major G.D.K. Woolrych को प्रभार ग्रहण की तिथि से सीतापुर मुख्यालय स्थित वायरलैस टेलीग्राफी सेक्शन का वायरलैस ऑफीसर नियुक्त किया गया। कुछ समय के लिए Major N.P.K. Heaton भी वायरलैस ऑफीसर नियुक्त किये गये। Major Charles Greig ने अगस्त 1947 से दिसम्बर 1951 तक पुलिस अधीक्षक/वायरलैस ऑफीसर/प्राविन्शियल वायरलैस आफीसर के रुप में अपनी सेवायें दीं।
- वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व प्रयोग किये गये वायरलैस सेट्स में मुख्य रुप से Commandeered Set, Army No. 1 set, Army No. 9 Set, American H.T.-6 set, तथा other constructed sets सम्मिलित रहे हैं। आर्मी द्वारा कुछ वायरलैस सेट Special Armed Constabulary के उपयोगार्थ भी दिये गये थे।

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

## पुलिस रेडियो ज़ोन के खिलाड़ियों का उ0प्र0 पुलिस जोनल खेल प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन

- दिनांक 19.11.2021 से 22.10.2021 तक 6वीं वाहिनी, आर0आर0एफ0, मेरठ में सम्पन्न 26वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक कुश्ती क्लस्टर (भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, कबड्डी, आर्म रेसलिंग, एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता–2021 में पुलिस रेडियो ज़ोन के खिलाड़ियों द्वारा जीते गये कुल–5 पदकों का विवरण निम्न है–

| क्र. | खेल | पदक | पदक विजेता का नाम | नियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भारोत्तोलन | रजत | रविलाल चौधरी | रेडियो शाखा |
| 2. | भारोत्तोलन | रजत | सुधीर मिश्रा | रेडियो शाखा |
| 3. | कुश्ती फ्री स्टाइल | कॉस्य | विकास | एटीएस |
| 4. | कुश्ती फ्री स्टाइल | स्वर्ण | पूनम तोमर | एटीएस |
| 5. | पावर लिफ्टिंग | रजत | सुधीर मिश्रा | रेडियो शाखा |

- दिनांक 08.11.2021 से 12.11.2021 तक 34वीं वाहिनी, पीएसी, वाराणसी में सम्पन्न 69वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक वालीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता–2021 में पुलिस रेडियो ज़ोन के खिलाड़ियों द्वारा जीते गये कुल–9 पदकों का विवरण निम्न है–

| क्र. | आयु श्रेणी | पदक | पदक विजेता का नाम | नियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टेबिल टेनिस (55+) | स्वर्ण | अशोक कुमार | रेडियो शाखा |
| 2. | | रजत | राजेश सिंह | रेडियो शाखा |
| 3. | टेबिल टेनिस (50+) | गोल्ड | देवेन्द्र सिंह | सुरक्षा शाखा |
| 4. | | रजत | एन0सी0 राठौर | रेडियो शाखा |
| 5. | टेबिल टेनिस (45+) | रजत | देवेन्द्र सिंह | सुरक्षा शाखा |
| 6. | टेबिल टेनिस (मिक्स डबल) | स्वर्ण | शहर महबूब | रेडियो शाखा |
| 7. | | कांस्य | एन0सी0 राठौर | रेडियो शाखा |
| 8. | टेबिल टेनिस (व्यक्तिगत) | रजत | देवेन्द्र सिंह | सुरक्षा शाखा |
| 9. | | रजत | शहर महबूब | रेडियो शाखा |







लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।